हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
5
जबलपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

## खबर संक्षेप

### आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला किया दहन

**छिन्दवाड़ा।** भाजपा नगर युवा मोर्चा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकवादी हमले का विरोध जताते हुए शुक्रवार को फव्वारा चौक में आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन करते हुए नारे लगाये। नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू विवेक मंडराह, अनुज मल्होत्रा एवं रवि मालवी ने बताया कि पार्टी संगठन की सहमति से एवं सांसद बंटी विवेक साहू के निर्देशानुसार भाजपा नगर युवा मोर्चा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायराना हरकत पर आक्रोश जताते हुए आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। उन्होंने बताया कि पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों की हत्या की गई। हमें मोदी सरकार पर पूरा भरोसा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार पाकिस्तान और आतंकियों के लिए कडा रुख अपना रहे हैं।

## संबंधित विभाग पर साफ नजर आ रहा दबाव, क्षेत्र में नहीं थम रहा अवैध खनन

# रात तो रात दिन में भी निकल रहे रेत के ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तहसील में रेत चोरों के हौसले बुलंद है। इसका मूल कारण है कि पिछले दिनों इन रेत माफियाओं ने खनिज निरीक्षक पर हमला कर रेत का वाहन छुड़ा ले गए थे। इतनी बड़ी घटना के बाद भी प्रशासन अपनी ही खनिज निरीक्षक के साथ खड़ा नजर नहीं आया, साथ खड़ा नजर आया तो रेत चोरो एवं रेत माफिया के पक्ष में इसी तरह दूसरी घटना में जंगल की नदियों से रेत निकालने के विरोध करने पर वह कुआँ बादला सर्कल के चौकीदार पर रेत चोरों ने हमला किया। जिसकी शिकायत थाने में हुई थी, वहीं रेत चोरी पकड़ने वनी टास्क फोर्स जिसमें, राजस्व, खनिज, पुलिस, और वन, विभाग शामिल है, वह भी रेत चोरी पकड़ने में अक्षम साबित हो रहे हैं। अब तो आलम यह हो गया है कि प्रशासन पर धौंस कायम कर रेत के वाहन दिन के उजाले में निकाल रहे हैं। रेत चोरी का आलम यह हो गया है कि एक रात में पचास ट्रक ट्रैक्टर चोरी की रेत लेकर दिन के उजाले तक निकल रहे हैं। हद तो तब हो जाती है कि रेत के ओवरलोड ट्रैक्टर रेत सड़क पर गिराते हुए बेखौफ निकल रहे है। ओवरलोड रेत के कारण दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, लेकिन शिकायत करें तो किससे क्योंकि स्थानीय प्रशासन पर रेत चोरों का दबाओ होने के बजाय उल्टा प्रशासन पर दबाव देखने मिल रहा है जो इस बात को सिद्ध करता है कि अधिकारी रेत चोरों से भयभीत है। दिन के उजाले में रेत के वाहन निकलना प्रशासन पर रेत चोरों का दबाव स्पष्ट नजर आ रहा है।

## बजरंग दल ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाली मशाल यात्रा, जलाया पुतला



**छिंदवाड़ा।** विशाल जन आक्रोश प्रदर्शन मशाल यात्रा एवं पुतला दहन किया गया। पहलगाम कश्मीर में हुए निरपराध हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा अमित ठेंगे चौक से फवारा चौक तक मसाल यात्रा निकाली गई एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए फवारा चौक में पाकिस्तान आतंकवाद का पुतला दहन किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री ऋषिराज सिंह बैस, बजरंग दल विभाग संयोजक शैलेश यदुवंशी विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह जी, जिला उपाध्यक्ष बदल साहू जिला सह मंत्री रुपेश लांजीवर विनोद कोहले हिमाचल ठाकुर बजरंग दल जिला संयोजक गौरव सेन जिला गौ रक्षा प्रमुख आकाश कहार जिला सहसंयोजक नीलेश पटेल जिला बल उपासना प्रमुख रितेश वर्मा नगर अध्यक्ष टीनू धारू दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति की बहने एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेन समाज ने मनाया सेन महाराज का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



आज 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को सेन समाज छिंदवाड़ा द्वारा सेन जी महाराज की जन्मोत्सव (सेन जंयती) को धूमधाम से मनाया गया सेन समाज के लोगों ने सेन मंदिर प्रांगण (सेन भवन) में भारी संख्या में एकत्र होकर सेन जी महाराज की पूजा आराधना कर हवन पूजन की तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी ।

सेन समाज जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार ने बताया कि संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज 725 वीं जयंती सेन समाज द्वारा मनाई गई इस अवसर पर डॉक्टर आशीष सराठे ने सेन भवन और मंदिर के लिए रंगरोगन में जितना भी खर्च आएगा संपूर्ण खर्च उठाने की जवाबदारी ली और रंगरोगन कार्य पूर्ण कराने की बात कही ।

वरिष्ठ संरक्षक सेवक बन्देवार ने कहा कि समाज उत्थान में निरंतर कार्य चलते रहना चाहिए। पूजन मुख्य यजमान पूर्व अध्यक्ष और मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सेन ने की ।

उन्होनें कहा कि सेन समाज के लोगों ने एकता का परिचय देते हुए पहलगाम करता पूर्ण हमले की कड़ी नंदा की और दोषियों को चुन चुन कर सबक सिखाने की बात कही तत्पश्चात सेन समाज के लोगों ने हमले में शहीद हुए देशवासियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।

अमीत सराठे मंदिर निर्माण सहभागिता की बात कही इस अवसर पर मातृशक्ति हेमलता सराठे, सरोज बन्देवार, पुष्प लता सेन,संजना चौहान,रोशनी श्रीवास ,दुर्गा बंन्देवार ,व भाजपा मंडल अध्यक्ष माया बंन्देवार, वरिष्ठ संरक्षक रमेश सेन,मुकेश सराठे, राधेश्याम सराठे, यशपाल सराठे, सेवक राम बंन्देवार, डा.अशीष सराठे,डा.महेश बंन्देवार, प्रदीप सराठे, सुरेन्द्र सेन, रामनरायण सराठे,राम उसरेठे, रवि सराठे,पवन बंन्देवार,राजू बंन्देवार, अमीत सराठे, उमेश बंन्देवार, सेन समाज जिला अध्यक्ष सागर बंन्देवार रोहित श्रीवास, प्रदीप सेन,अनिकेत बंन्देवार आदि सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## लोणारी कुन्बी समाज ने भोपाल में किया सांसद का सम्मान

**छिन्दवाड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भोपाल के द्वारा भोपाल प्रवास पर गये सांसद बंटी विवेक साहू का सम्मान किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू को शाल श्रीफल एवं मोमेन्टों भेंट किया। भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज भोपाल के पदाधिकारियों ने सांसद श्री साहू का सम्मान करते हुए छिन्दवाड़ा सहित प्रदेश भर में समाज के लोगों का सहयोग एवं समाज हितेशी कार्यों के लिए सहयोग की अपेक्षा की। इस दौरान सांसद श्री साहू ने सभी सामाजिक बंधुओं को आश्वासन दिया कि वे हर दम समाज के साथ खड़े है और हर संभव सहयोग के लिए तैयार है। वहीं समाज के पदाधिकारियों द्वारा भोपाल सहित अन्य जिलों में उनके समाज द्वारा समाज के हित में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। छोटे से निवेदन पर कार्यक्रम में पहुंचे सांसद श्री साहू का सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु राणे, समाज के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र धोटे, समाज के जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. जी.आर. अल्डक सहित समाज के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य आमजन उपस्थित थे।



## शहर कांग्रेस व कांग्रेस पार्षद दल ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ जी ने कभी भी जनता पर टैक्स का भार नहीं डाला। निगम में जब तक कांग्रेस की सरकार रही तब तक किसी प्रकार के टैक्स में बढ़ोत्तरी नेताद्वय ने नहीं होने दी, किन्तु जैसे ही भाजपा की सरकार आई उन्होंने सर्वप्रथम जनता पर कर का बोझ डाला, क्योंकि बात केन्द्र हो या फिर राज्य की जब-जब भाजपा ने सत्ता संभाली तब-तब जनता को महंगाई का सामना करना पड़ा है।

भाजपा की सरकार में हर छोटी-बड़ी वस्तुओं के दाम आसमान पर है। जनता के टैक्स से चलने वाली जनसुविधाएं भी अब महंगी हो चुकी है, जिसका सीधा असर जनता की जेब पर ही पड़ रहा, किन्तु इससे भाजपा को कोई सरोकार नहीं है, क्योंकि उसे जनता की चिंता केवल और केवल चुनाव के समय होती है इसके बाद क्या समस्याएं हो रही, नागरिक क्यों परेशान है इससे कोई लेना देना नहीं है। इसीलिये जनता के हितों के खिलाफ जाकर भाजपा ने जलकर, सम्पत्ति कर व स्वच्छता कर सहित अन्य करों में मनमानी वृद्धि कर दी है जिसका असर तत्काल ही दिखाई देने लगा है, क्योंकि यह भाजपा की सरकार है जिसने केन्द्र से राज्य व निगम तक जनता पर महंगाई और सिर्फ महंगाई ही डाली है।

### फिर भाजपा सरकार की मार

जनता पर डाले गए टैक्स के बोझ के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षद दल के द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक 40 एवं वार्ड क्रमांक 45 नोनिया करबल में पहुंचे कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ ही प्रत्येक घर-घर पहुंचकर व्यक्तिगत बढ़ाए गए कर के खिलाफ हस्ताक्षर लेकर जनसमर्थन जुटाया।

## अधिवक्ता संघ ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध




**जुन्नारदेव।** अधिवक्ता संघ जुन्नारदेव ने कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या के विरोध में बांह में काली पट्टी बांधकर कार्य किया गया। अधिवक्ता संघ जुन्नारदेव ने इस जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंद्दा करते हुए , मृतको को श्रद्धांजलि देने के लिए व उनके परिवार को संवेदनाएं अर्पित करने के लिए शोक सभा आयोजित की व 2 मिनिट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस हत्याकांड के विरोध में दिन शुक्रवार को अधिवक्ता संघ जुन्नारदेव के सभी सदस्यो ने अपने हाथ में काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

### हज यात्रियों का टीकाकरण आज

**छिंदवाड़ा।** हज के मुबारक सफर पर जाने वाले यात्रियों का टीकाकरण शनिवार 26 अप्रैल को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरैशी ने बताया कि जिला अस्पताल में शनिवार को दोपहर 11 बजे से हज यात्रियों का टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए जिला हज कमेटी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारियां कर ली गई हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष छिंदवाड़ा व पांढुर्ना जिले से लगभग 130 लोग हज यात्रा पर जाने वाले हैं।

अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री कुरैशी ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वालों के लिए छिंदवाड़ा ज़िला मुख्यालय स्थित भारतीय स्टेट बैंक की नई आबादी शाखा मनी एक्सचेंज की सुविधा उपलब्ध हैं। सभी हज यात्री वहां से मनी एक्सचेंज कर रियाल प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि मनी एक्सचेंज के पहले चरण में मुंबई से एंबारकेशन प्वाइंट से जाने वाले हज यात्रियों को रियाल प्रदान किए जाएंगे।

## मलेरिया जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### 'विश्व मलेरिया दिवस' के उपलक्ष्य में कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिला मलेरिया अधिकारी देवेंद्र भालेकर द्वारा कार्यशाला में पावर पॉईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जिले में मलेरिया की एपिडमियोलॉजिकल सिचुएशन पर चर्चा, मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मलेरिया हाईरिस्क ग्रामों में नियमित मलेरिया जांच कराने एवं वैक्टर नियंत्रण के लिए कीटनाशक मच्छरदानियों के उपयोग को प्रेरित करने पर जोर दिया गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा को हेण्डऑन प्रशिक्षण देने तथा गांव में माइग्रेटरी पापुलेशन की त्वरित मलेरिया जांच करने एवं ग्रामों में मच्छरों के प्रजनन स्थल की मेपिंग एवं उनमें मच्छरों के प्रजनन को रोकने पर जोर दिया गया।

जिले में वर्ष 2014 में कुल 4020 मलेरिया पॉजिटिव केस थे। विभाग के प्रयास एवं जनसमुदाय के सहयोग से मलेरिया केसेस में लगातार कमी आ रही है वर्ष 2024 में कुल मलेरिया केसेस घटकर 219 रहे। जिले में ग्राम स्तर पर आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा नियमित रूप से बुखार के रोगियों की मलेरिया जांच व उपचार किया जा रहा है। वर्ष 2017, 2019, 2020 एवं वर्ष 2024 में जिलें के मलेरिया प्रभावित 842 ग्रामों में कीटनाशक मच्छरदानियों का वितरण किया गया है। इनका उपयोग मलेरिया वाहक नियंत्रण में सबसे प्रभावी सशक्त कदम है, परिणामस्वरूप ही मलेरिया केसेस में गिरावट परिलक्षित हुई। इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष मलेरिया प्रभावित ग्रामों (जहां कीटनाशक मच्छरदानी वितरित नहीं हुई) में कीटनाशक छिड़काव (इंडोर रेसिडुअल स्प्रे) का कार्य घरों के अंदर किया जाता है। मलेरिया फैलाने वाले मच्छर कहाँ पैदा होते हैं- मलेरिया फैलाने वाला एनाफिलिस मच्छर साफ ठहरे पानी, मिट्टी युक्त आधार वाले स्थलों में पनपता है। जैसे- अनुपयोगी कुओं, तालाब, पानी के बड़े पोखर, खाईयों में भरा पानी, पानी की टंकियों, नहरों के सीपेज सें ठहरा पानी, नदियों के चट्टानों के मध्य ठहरा पानी धान के खेत में ठहरा पानी, पशुओं के पानी वाले टांके, पशुओं के खुर के निशान में ठहरा पानी आदि।

### मच्छर के प्रजनन स्थल को नष्ट करने के उपाय

खुले जल के कंटेनरों को तीन दिन में ही रगड़कर साफ कर पुनः उपयोग के लिये पानी भरना चाहिये, जिससे मच्छर के अंडे से लार्वा न बन पाये, घर व आसपास पानी से भरें सीमेंट के टांकों को पूर्णतया ढंक कर रखें, मच्छरों के प्रजनन स्थल जिनका पानी खाली करना संभव नहीं है, उनमें प्रति 100 लीटर पानी में 30 एम. एल. पेट्रोल/मिट्टी का तेल/मीठा तेल डालना चाहिये, ऐसा करने से मच्छरों का पनपना रूक जाता है, घर के आसपास 100 मीटर के अर्द्धव्यास में जंगली घांस व झाड़ियां आदि न ऊगने दें।

## भाजपा मंडल एवं हिन्दू संगठनों ने फूंका पुतला

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी भाजपा मंडल एवं हिंदू संगठनों सहित ग्रामीणों ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को दोपहर में बस स्टैंड में पाकिस्तान का पुतला जलाकर विरोध किया। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में विगत दिनों अतंगवादियो द्वारा इंसानियत को सरमसार करने वाली घटना को अंजाम दिया गया था। घूमने गए पर्यटको को गोलू मार दी थी जिसके विरोध में सिंगोड़ी में स्थानीय लोगों के द्वारा बस स्टैंड सिंगोड़ी में पाकिस्तान एवं आतंकवाद का पुतला जलाकर आतंकवाद का विरोध किया। तथा उपस्थितों ने राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौंपा और मांग की है कि आतंकी हमला करने वाले आतंकियों पर कठोर करवाई की जाए ताकि ऐसी घटना दूसरी बार ना हो और आतंकियों को फांसी दी जाए। इस अवसर पर सैकड़ो भाजपा पदाधिकारी विभिन्य हिंदू संगठन के पदाधिकारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## पहलगाम आतंकी घटना को लेकर बजरंग दल और विहिप ने किया प्रदर्शन

**चौरई।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर बजरंग दल और विहिप ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की गई और आतंकियों के सफाए की मांग की। आतंकी घटना पर रोष जताया बता दे कि



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में चौरई के भारत माता चौक पर बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद की अगुआई में विभिन्न संगठनों से जुड़े पदाधिकारी, प्रतिनिधि इकट्ठा हुए। भारत माता चौक पर प्रदर्शन के लिए इकट्ठा हुए लोग। जहां उन्होंने इस घटना को लेकर रोष जताया। लोगों को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारी शैलेन्द्र रघुवंशी,आदि ने कहा कि पाकिस्तान के पाले हुए आतंकी बार-बार भारत में कायराना हरकत कर देश की शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करते है। पहलगाम में भी इसी प्रकार की हरकत कर 27 पर्यटकों को को मौत के घाट उतार दिया गया। जो बेहद निंदनीय है। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार को आतंकवादियों को करारा जवाब देना चाहिए और देश से आतंकवादियों का सफाया किया जाए।बदला ले सरकार प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि सरकार को देश के अंदर व बाहर पल रहे आतंकियों को चुन-चुनकर मारना चाहिए ताकि दोबारा से इस प्रकार की हरकत ना हो।

### तामिया-पांढुर्णा में हुई है फिल्म की पूरी शूटिंग, छिंदवाड़ा के युवा कलाकार ने लिखी है स्क्रिप्ट और डॉयलाग

## 30 को वेब्स ओटीटी पर रिलीज होगी सरपंच साहब

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जिला प्रशासन छिंदवाड़ा के सहयोग से बनी वेबसीरिज़ 'सरपंच साहब' 30 अप्रैल को वेब्स ओटीटी पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म के डायरेक्टर, स्क्रिप्ट राइटर और डॉयलाग राइटर छिंदवाड़ा के युवा शाहिद खान हैं और फिल्म की पूरी शूटिंग तामिया व पांढुर्णा में हुई है। फिल्म की प्रोड्यूसर सोनाली सूद हैं और विनीत कुमार, पंकज झा, कुमार सौरभ, अनुज सिंह ढाका जैसे सितारों ने इस सीरिज में कार्य किया है। वेब्स ओटीटी पारिवारिक व निःशुल्क प्लेटफार्म है, जहां यह फिल्म दर्शक देख पाएंगे। फिल्म की सफलता के लिए कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ श्री अग्रिम कुमार ने पूरी टीम को शुभकानाएं दी हैं।

छिंदवाड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रयास लगातार जारी हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार के साथ मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति 2025 का मुख्य उद्देश्य राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाना, तथा फिल्म निर्माण संबंधी आधारभूत ढांचे में निवेश आकर्षित करना है। इसी कड़ी में वेब्स ओटीटी पर रिलीज होने वाली 'सरंपच साहब' फिल्म के प्रस्ताव को टूरिज्म बोर्ड से अनुमति मिली और कुछ माह पूर्व फिल्म की शूटिंग तामिया व पांढुर्णा की विभिन्न लोकेशन पर हुई। इस फिल्म के डायरेक्टर, स्क्रिप्ट राइटर और डॉयलाग राइटर छिंदवाड़ा के युवा शाहिद खान हैं और फिल्म की प्रोड्यूसर सोनाली सोनू सूद हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म के छिंदवाड़ा के रंगमंच से जुड़ी संस्था नाट्यगंगा के कुछ कलाकारों ने भी अदाकारी की है। फिल्म का ट्रेलर और पोस्टर गुरूवार को जारी किया गया। फिल्म की रिलीज से पहले ही छिंदवाड़ा में इसे देखने के लिए उत्सुकता का माहौल देखा जा रहा है।

### जल बचाने के लिये लोगों को किया जा रहा प्रेरित

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजीव भावरकर के कुशल मार्गदर्शन में एवं परामर्शदाता श्रीमती नमिता सिंह के नेतृत्व में विकासखंड परासिया के सेक्टर क्रमांक-5 की ग्राम पंचायत हर्रई में एमएसडब्ल्यू की छात्रा नीतू मस्तकार के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल बचाने के लिए दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया किया।

### आतंकियों और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

# पहलगाम हुए आतंकी हमले को लेकर मुस्लिम समुदाय भी उतरा सड़कों पर






हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते दिनों काश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है । भारत के कोने कोने में इस घटना के विरोध में आवाज उठाई जा रही है । इसी घटना से क्षुब्ध होकर परासिया, चांदामेटा और उमरेठ में मुस्लिम समुदाय के लोग सड़क पर उतरे , आतंकवाद मुरादाबाद के नारे लगाए और महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सॉफ्टवेयर आतंकियों और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठाई ।मुस्लिम समुदाय के द्वारा जुमे की नमाज अदा करने के बाद समुदाय के लोगों ने रैली निकालकर आतंकवाद मुर्दाबाद नारे लगाते हुए कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की गई हत्या की घोर निंदा की और उनके खिलाफ और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की । चांदामेटा और परासिया अंजुमन से जुड़े लोग संयुक्त रूप से परासिया के गुरु गोविंद सिंह तिराहा पर इकट्ठे हुए और यहां से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे । जहां सदर सैय्यद जावेद अली , मो राजिक , रिजवान खान , शेख लतीफ , नदीम खान , नईम खान , तौसीद राजा , नावेद , शेरा , शेख खालिक , पप्पू डिसूजा , एजाज कुरैशी , रूफ कुरैशी , अय्यूब खान , इरशाद खान और अन्य लोगों की उपस्थिति एसडीएम को ज्ञापन दिया गया । इसी तरह उमरेठ में सदर सलीम शाह के नेतृत्व में नायब सदर कय्यूम अंसारी , सेक्रेटरी आसिफ अली ,नायब सक्रेटरी आरिफ कादरी , इकबाल मंसूरी , आमिर खान (होण्डा) करीम , रहीम कादरी , सिकन्दर ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा ।

## तहसीलदार चौकसे ने लिया मां खेड़ापति मंदिर के संचालन का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

चांदामेटा में स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति माता मंदिर के संचालन का प्रभार परासिया तहसीलदार धर्मेंद्र चौकसे ने प्राप्त कर लिया है । उन्होंने शुक्रवार 25 अप्रैल को अनुविभागीय दण्डाधिकारी परासिंया पुष्पेन्द्र कुमार निगम के द्वारा जारी आदेश की परिपालन में यह प्रभार लिया है । गौरतलब है , कि एस डी एम न्यायालय में मामला कमांक 413/2024 पक्षकार अयोध्या प्रसाद बगैरह विरूद्ध धीरज यदुवंशी बगैरह मौजा चांदामेटा भण्डारिया में पारित आदेश दिनांक 24.03.2025 के तहत धर्मेन्द्र कुमार चौकसे तहसीलदार परासिया खेड़ापति माता मंदिर भण्डारिया की विवादित सम्पति की देखरेख एवं संचालन हेतु रिसीवर नियुक्त किया गया है । आदेश के परिपालन में अयोध्या प्रसाद यादव अध्यक्ष खेड़ापति माता मंदिर समिति भण्डारिया से खेड़ापति माता मंदिर समिति भण्डारिया चांदामेटा का प्रभार प्राप्त कर लिया है । आज दिनांक से तहसीलदार परासिया खेड़ापति माता मंदिर समिति भण्डारिया चांदामेटा का संचालन करेगें व 15 दिवस के अंदर उक्त मंदिर के संचालन हेतु उभयपक्षों के अविवादित सदस्यों को शामिल करते हुये अस्थायी कार्यकारी समिति निर्मित करेगें ।

## अस्पताल भवन निर्माण स्थल यथावत रखने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत जाटाछापर में बन रहे अस्पताल भवन ( उप स्वास्थ्य केन्द्र ) का निर्माण स्थल यथावत रखे जाने , सरपंच , उप सरपंच और पंचों ने एस डी एम को ज्ञापन दिया है । गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत जाटाछापर में वर्ष 2022 - 23 में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण स्वीकृत हुआ था , जिसके निर्माण के लिए वर्ष 2024 में ग्राम सभा में प्रस्ताव लेकर निर्माण स्थल का चयन किया गया और निर्माण कार्य शुरू हो गया । भवन का लगभग 15 % निर्माण हो जाने पर ग्राम के कुछ लोगों द्वारा भवन का निर्माण अन्यत्र किए जाने संबंधी पूर्व में एस डी एम को ज्ञापन दिया था । शुक्रवार सरपंच नरेन्द्र धुर्वे , उप सरपंच दद्दू सिंह राय , पंच पूनाराम यदुवंशी , हुरूल मिर्जा , शकुन वर्मा , हीरावती आम्रवंशी , डिंपल नागेश , मेहमूद खान , ग्रामीण जाहिद खान व अन्य लोगों ने भी एस डी को ज्ञापन देकर निर्माण स्थल यथावत रखे जाने की गुहार लगाई है । सरपंच , उप सरपंच और पंचों का कहना है , कि भवन का 15 % निर्माण हो गया है । जहां भवन बनाया जा रहा है , वहां स्कूल , आंगनवाड़ी केन्द्र , खेल मैदान भी मौजूद है । भवन के साथ नर्स आदि के रहने की व्यवस्था भी किया जाना है । इस हिसाब से जहां भवन बन रहा है , वह सुरक्षा की नजर से उपयुक्त है , लेकिन ग्राम के कुछ लोग द्वेष भावना के चलते भवन निर्माण में अड़ंगा लगा रहे है । जिस समय भवन निर्माण के लिए ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव लिया गया तब समय सीमा के अंदर दावे आपत्तियां नहीं लगाई गई । अब बे वजह शासन को गुमराह कर निर्माण कार्य रोकने का प्रयास किया जा रहा है । सरपंच नरेन्द्र धुर्वे ने बताया , कि उसे तो धमकि दी जा रही है ।

## जरूरतमंदों ने लिया भंडारे का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आशाराम आश्रम लिंगा में प्रति माह आमवस्या के समय भण्डारे का आयोजन सम्पन्न होता हैं । इसी कड़ी में आज पूज्य बापूजी का छठी महोत्सव मनाया गया । छठी महोत्सव अवतरण दिवस के 6 दिन बाद आता हैं । इस दौरान साध्वी रेखा बहन का दिव्य सत्संग सम्पन्न हुआ । साध्वी बहन ने बताया कि लगभग 4 वर्षों से यहाँ अमावस्या के आसपास भण्डारे और सत्संग का आयोजन होता हैं । जिससे लिंगा ग्राम के आसपास के हजारों जरूरतमंदों को जरूरी सामग्री भेंट की जाती हैं । पूज्य बापूजी ऐसे पहले सन्त हैं जिनका अवतरण दिवस के साथ साथ छठी महोत्सव मनाया जाता हैं । इस आश्रम से वर्ष भर कई अन्य सेवाएं भी संचालित होती हैं जिसमें अभी गर्मी के दिनों में पानी के प्याऊ , कीर्तन यात्रा,प्रतिमाह अमावस्या के समय भण्डारे , दीपावली पर्व पर भण्डारे , ठंड में कम्बल , वस्त्र , बरसात में रेनकोट , छतरी भेंट किये जातें हैं। यहाँ की महिला समिति , युवा सेवा संघ और साधक भाई बहन सभी सेवाओं में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेते हैं । सनातन संस्कृति के रक्षक संस्था शहर में जो भी सेवाएं करतें हैं ; जिसमें ज्ञापन , रैली वगैरह होतें हैं उसमें लिंगा आश्रम की सेवाएं भी सम्मिलित रहती हैं ।सारे पर्व और त्यौहार यहाँ मनाए जाने के साथ जिला जेल में प्रति माह सत्संग के साथ साथ देस भर के अन्य राज्यो में सत्संग आयोजन होते है जिसमे गुरु ज्ञान के अलावा सनातनसंस्कृति का प्रचारप्रसार होता है ।यहाँ के सभी आयोजनों में जिले भर के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शिरकत करते है । आज मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष एव पूर्व मंडी अध्यक्ष शेषराव यादव जी ,अजय सक्सेना , दिवाकर सदारंग , हिन्दू उत्सव समिति के सन्टी बेदी , जनभागीदारी समिति भारत घई ,सभा पति बंटी उईके , जिला पंचायत सदस्य ललिता विलास घोंगे उपस्थित रहे । जिन्होंने आश्रम परिसर में बने भव्य मंदिर का उद्घाटन कर जरूरतमंदों को राशन सामग्री भेंट कर प्रसन्नता जाहिर की।

## कांग्रेस ने दी पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि



**पांढुर्ना।** आज पांढुर्ना क्षेत्र के कांग्रेसियों ने कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल में हुए आतंकी हमले में मृतकों को 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि देकर मृतात्माओं की शांती के लिए प्रार्थना की। विधायक निलेश उईके ने पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के हमले को कायराना एवं अत्यंत दुःखद करार दिया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके, विधायक नीलेश उईके, ब्लॉक अध्यक्ष विश्वास कांबे, महिला अनुसूचित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मीना ढोके, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक समन्वयक मनोहर सिंह ठाकुर, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष सुनील बुधराजा, ब्लॉक कार्यवाहक, ओम पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जयंत घोडे, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता सुरेश सुरजुसे, बड़चिचोली कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकांत महाजन, सेवादल अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी देवकांत मांडोगडे, युवक कांग्रेस प्रभारी अरुण धुर्वे, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बंटी ठाकुर, रुन्देश जसुतकर, अमजद खान तथा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, पार्षदगणतथा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# पहलगाम हत्याकांड की भर्त्सना की

### मुस्लिम समाज राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की



**वारासिवनी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा शुक्रवार को एसडीएम राजीव रंजन पांडे को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन अनुसार मुस्लिम जमात जामा मस्जिद, मस्जिद ए ख्वाजा गरीब नवाज, मदरसा गुलशन आला हजरत एवं पूरी जमात की तरफ से पहलगाम जमू कश्मीर में हाल ही में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी भत्र्सना की गई हैं। यह न केवल इंसानियत के खिलाफ एक संगीन जुर्म हैं, बल्कि मुल्क की एकता और अखंडता, अमन को चुनौती देने की कोशिश भी है।

**आतंकी गतिविधियों का इस्लाम या किसी मजहब से संबंध नहीं**

ज्ञापन में मारे गए निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के दुख में स्वयं को सहभागी माना हैं। ज्ञापन में इस प्रकार की आतंकी गतिविधियाँ का इस्लाम या किसी मजहब से कोई संबंध नहीं होने की बात लिखी गई है। इस्लाम अमन, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम देता है और ऐसे हर प्रकार के हिंसक कृत्यों की कड़ी निंदा करता है।

आतंकियों व सहयोगियों के खिलाफ सरकार कड़ीकार्यवाही करे ज्ञापन में सरकार से माँग की गई हैं कि इस हमले के पीछे शामिल आतंकियों एवं उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए, पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा और सहयोग दिया जाए, राज्य में शांति, सौहार्द एवं साप्रदायिक एकता को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि मुस्लिम समाज हर प्रकार की आतंकवाद रोधी कार्रवाई में सरकार और सुरक्षा बलों के साथ है और देश की एकता व अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

एसडीएम को ज्ञापन सौपने के अवसर पर जामा मस्जिद वारासिवनी जनाब ईकबाल खान, सदर ख्वाजा गरीब नवाज़ जनाब समी कुरैशी, अरमान खान, अंजुम अली, राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, विधायक प्रतिनिधि राजा अली, जाहिद कुरैशी, नायब सदर जनाब रहमान भाई, नायब सदर जनाब हाजी एजाज कुरैशी, जामा मस्जिद सचिव अरहान अली, सादिक कुरैशी, साजिद अंसारी, रहीश अली, अयफाज अली, शफीक खान, सोहेल अंसारी, आबिद कादरी, बाबू मिस्त्री, शहबाज मंसूरी, गुलाम भाई, तौसीफ कुरैशी, ताहिर हसन, आबिद अली, राजा मिस्त्री, इमरान कुरैशी सहित सभी मुस्लिम जमात के लोग मौजूद रहे।

## दो प्रकरणों में 5-5 हजार एवं एक मे 3 हजार रुपये की इनामी राशि की घोषित

बालाघाट पुलिस अधीक्षक श्री नगेन्द्र सिंह ने विभिन्न धाराओं में संलिप्त फरार आरोपी पर ईनामी राशि की घोषणा की है। उन्होंने थाना कोतवाली अंतर्गत धारा 309(4), 333 के प्रकरण में अज्ञात आरोपी पर 5 हजार रुपये की इनामी राशि की घोषणा की है। प्रकरण में अज्ञात आरोपी 11 अप्रैल 25 दोपहर करीबन 01 बजे एक व्यक्ति प्रार्थिया की बुक डिपो की दुकान लोहार गली वार्ड नं. 09 पर आया। प्रार्थिया ने सोचा कि कोई किताब खरीदने के लिए आया एवं जैकेट के अंदर से एक कट्टा/पिस्तौल जैसी चीज निकालकर दिखाने लगा और प्रार्थिया के गले की सोने की चैन एवं दोनों कान के सोने के बाला भी लेकर फरार हो गया।

वहीं थाना लालबर्रा अंतर्गत धारा 194 बीएनएसएस की जांच के दौरान मृतिका के परिजनों, पड़ोसियों एवं साक्षियों के कथन, घटना स्थल मौका नक्शा, पीएम रिपोर्ट एवं संपूर्ण मर्ग जांच पर मृतिका के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बलात्कार की घटना घटित करना, जिससे परेशान होकर मृतिका द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के साक्ष्य परिलक्षित होने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 107, 65 (1) भारतीय न्याय संहिता, 5/6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदाय की जाएगी। इसके अलावा थाना कोतवाली अंतर्गत धारा 137(2) के प्रकरण में 11 अप्रैल 25 को करीब 7:30 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 3 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदाय की जाएगी। आरोपी की सूचना लिखित, मौखिक अथवा दूरभाष न. 07632-210021, 241800, 7587605598 पर बतायी जा सकती है।

## जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक अब 2 मई को

**बालाघाट** सांसद श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में 26 अप्रैल शनिवार को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। अब यह बैठक 2 मई को कलेक्ट्रेड सभाकक्ष में 11 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।



## ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब को सौंदर्य बनाने कर रहे प्रयास-विवेक पटेल

### विधायक विवेक विक्की पटेल ने तालाब का किया निरीक्षण

**वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रयास से खैरलाँजी क्षेत्र के ग्राम नवेगांव ख में शिव मंदिर तालाब का सौंदर्यकरण का कार्य प्रारभ हो चुका हैं। इस तालाब का सौंदर्यीकरण लगभग 25 लाख रूपये की लागत से किया जायेगा।





तालाब का सौंदर्यीकरण होने के बाद गाँव की सुंदरता में और निखार आ जायेगा, वहीं लोग तालाब के चारों तरफ सुबह-शाम सैर का आनंद ले सकेंगे, तालाब के चारों ओर हरियाली को बढ़ावा देते हुए पौधे लगाए जायेंगे। जिससे तालाब और सुंदर दिखाई देगा, इस तालाब का सौंदर्यीकरण का काम लगभग बारिश के पूर्व पूरा हो जायेगा। गुरुवार को क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने तालाब का निरीक्षण किया और ठेकेदार को जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ कर गुणवत्ता का ध्यान देने के निर्देश दिए।

**तालाब ग्राम की पहचान होती हैं- विवेक पटेल**

विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि अप्रैल माह में ही क्षेत्र में पानी की कमी हो गई हैं। अभी किसानों को सिचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा हैं। आने वाले समय में पीने के पानी के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, आने वाली परिस्थितियों को देखते हुए हमारे द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के तालाब को बेहतर बनाने ध्यान दिया जा रहा हैं। जिससे बारिश का पानी संग्रहित रहें और पानी का जल स्तर बना रहें। तालाब का सौंदर्यीकरण करवाने से गाँव में बदहाल हुए तालाब की स्थिति भी सुधरेगी, बल्कि पानी की कमी से ग्रामीणों को जूझना नहीं पड़ेगा। यह पानी गांव के किसानों को खेती की सिंचाई व पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी उपयोग किया जायेगा। वहीं तालाब की सुंदरता भी दिखाई देगी, गाँव की सुंदरता वहाँ के तालाब में जानी जाती हैं।

इस दौरान सरपंच सागरता बाई, मानकलाल कटरे, उपसरपंच संजू राहंगडाले, अनिल पिपरेवार, नरेंद्र राहंगडाले, दिलीप अग्रवाल, फत्तूलाल तुरकर, रामगोपाल राहंगडाले, धनलाल पटले, पाकेश हिवारे, लक्ष्मण बागरे, माधव बावने, गोमेंद्र तुरकर, जितेंद्र चित्रीव, नरेंद्र बागरे, रेवनलाल तुरकर सहित ग्रामवासी मौजूद रहें।

# अवैध संबंधों के संदेह में हुई हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास का दण्ड दिलाने में पुलिस को सफलता

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन में अवैध गतिविधियों एवं अपराधों के नियंत्रण एवं कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 25.04.2024 को प्रार्थी मयंक पिता कुंदनलाल भलावी उम्र 15 वर्ष निवासी ग्राम रिड्डी थाना कुरई ने रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक घटना समय को आरोपी रविन्द्र उर्फ रवि चौधरी द्वारा अपनी पत्नि के मृतक अखिलेश सिवने के साथ अनैतिक संबंध होने की शंका पर से मृतक को आरोपी रविन्द्र उर्फ रवि चौधरी तथा उसके भाई राजेन्द्र चौधरी दोनों निवासी ग्राम रिडडी थाना कुरई के द्वारा गाली-गलौच कर मृतक के साथ मारपीट कर हत्या करने की रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध थाना कुरई में अपराध कमांक 173/2024 धारा-302, 294, 506, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

उक्त प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण का तत्काल मौके पर पहुंचकर पर्यवेक्षण किया गया एवं अनुसंधान अधिकारी को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये। प्रकरण को जिला स्तर पर चिन्हित कर प्रकरण की लगातार मानीटरिंग की गई। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के विरूद्ध वैज्ञानिक साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं परिस्थितिजन्य महत्वपूर्ण साक्ष्यो को संकलित किया गया एवं आरोपी रविन्द्र उर्फ रवि पिता श्रीराम चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रिड्डी थाना कुरई ,राजेन्द्र पिता श्रीराम चौधरी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रिडडी थाना कुरई जिला सिवनी को दिनांक 26.04.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक के सतत निर्देशन में प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण एवं उच्चस्तरीय अनुसंधान कराया जाकर अभियोगपत्र कमांक 177/2024



दिनांक 15.05.2024 को तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जिसका विचारण माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी के न्यायालय में स्पेशल केस नंबर 72/2024 दिनांक 09.07.2024 में किया गया। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा प्रकरण का विचारण पूर्ण कर दिनांक 23.04.2025 को आरोपी रविन्द्र उर्फ रवि पिता श्रीराम चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रिड्डी थाना कुरई जिला सिवनी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा आरोपी , राजेन्द्र पिता श्रीराम चौधरी उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम रिडडी थाना कुरई जिला सिवनी को हत्या के मामले में दोषी नहीं पाया जाकर दोषमुक्त किया गया है। उक्त कार्यवाही मे अति पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा (नोडल अधिकारी), तत्कालीन थाना प्रभारी कुरई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह झारिया (विवेचक) एवं प्रकरण के न्यायालय में विचारण के दौरान पैरवीकर्ता अति. लोक अभियोजक लोकेश घोरमारे का हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास का दण्ड दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### अनुदान पर सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषि अभियांत्रिकी से नरवाई प्रबंधन के लिये अत्यंत उपयोगी यंत्रो सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर अनुदान पर प्राप्त करने हेतु दिनांक 18.04.2025 से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। इससे फसल कटाई के उपरांत खेत की तैयारी किये बिना सीधा बुवाई हो जाती है।जिससे समय व लागत की बचत होती है। नरवाई में आग जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी बचाया जा सकता है। अतः कृषि अभियांत्रिकी सअनुरोध करता है कि अधिक से अधिक कृषक बंधु ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल की वेबसाईड www.dbt.mpdage.org के माध्यम से आवेदन कर योजना का लाभ उठाये। आवेदन करने हेतु राशि 4500-00 रूपये का डी.डी सहायक कृषि यंत्री सिवनी के नाम से बनवाना अनिवार्य है।अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक कृषि यंत्री सिवनी, एम.एच. के. एस. पेट्रोल पम्प के सामने, नागपुर रोड, सिवनी में संपर्क किया जा सकता हैं।

# सीएम हेल्प लाइन में डी ग्रेडिंग वाले 24 अधिकारियों का वेतन आहरण पर रोक लगाने के आदेश जारी

### कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश संस्कृति जैन द्वारा समय-सीमा सह अंर्तविभागीय समन्वय समीक्षा बैठक में दिये गऐ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

निर्देशों के परिपालन में अपर कलेक्टर सी एल चिनाप द्वारा सी एम हेल्प लाइन की माह मार्च 2025 की प्राप्त ग्रेडिंग में डी ग्रेडिंग विभिन्न विभागों के 24 अधिकारियों का माह अप्रैल 2025 पेड इन मई 2025 के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश जारी किये गए हैं।

जिसमें उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग सिवनी के श संतोष कुमार बघेल, उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के श संजय कुमार तिवारी, कृषि उपज मंडी के श टी एस मर्सकोले, खनिज साधन विभाग के शवंती परते, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के श ए. के. डेकाटे, गृह विभाग के अंनती मर्सकोल, जल संसाधन विभाग के श वि. के. उइके एवं श व्ही. पी. चौधरी, गृह निर्माण मंडल की सुश मनोरमा सिंह, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग की शमती संध्या कुमार, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग एवं श्रम विभाग के श राकेश दुबे, कलेक्ट्रेट शाखा के श संजय कोकने, लोक निर्माण विभाग की पूनम तुरकर, लोक स्वास्थ्य विभाग के डॉ. आर.जे.प्रसाद, राष्टय स्वास्थ्य मिशन के डॉ. विनोद कुमार नावकर, मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित विभाग के श अभिषेक प्रधान, वन विभाग के श अशुतोष चंद्रवंशी एवं श दानसी उइके, समग्र आईडी की गैर तकनीकी समस्या एवं श्रम विभाग के श वेदप्रकाश पुरी गोस्वामी, श्रमविभाग सिवनी ग्रामीण की रेखा देशमुख एवं अतुल वैद्य, सामान्य प्रशासन विभाग के श बिसन सिंह एवं लोक शिक्षण विभाग के श महेन्द्र सिंह सैयाम की तथा राज्य शिक्षा केन्द्र के शराम पटले का वेतन रोकने के आदेश जारी किये गए हैं।

# राज्यमंत्री ने कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रदेश शासन की पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमंतु और अर्द्धघुमंतु कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)श्रीमती कृष्णा गौर ने शुक्रवार 25 अप्रैल को पोस्ट मेट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास सिवनी का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने छात्रावास का निरीक्षण के दौरान बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, छात्रावास की साफ- सफाई, पेयजलापूर्ति, कमर्चारियों की स्थापना एवं उपस्थिति का अवलोकन करने के साथ ही छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। निरीक्षण के समय विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जिला अध्यक्ष भाजपा श्रीमती मीना बिसेन, आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य



नागरिक उपस्थित थे। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने छात्रावास की प्रत्येक छात्रा से उनका परिचय लेकर उनके डॉक्टर, इंजीनियर और अधिकारी बनने के लक्ष्य को जानकर सभी को प्रौत्साहित किया।



उन्होंने बालिकाओं से पूरी मेहनत कर अपने और अपने परिजनों के सपने को पूरा करने की बात कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश के सभी छात्रावासों

### सिवनी छात्रवास में गीजर की व्यवस्था करने के निर्देश

उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रत्येक छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों के लिए निःशुल्क मेस सेवा प्रारंभ करने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया हैं। इसके अतिरिक्त सभी छात्रावासों में निःशुल्क इंटरनेट की सुविधा के लिए वाई-फाई लगाये जायेंगे। उन्होनें कहा कि जल्द ही प्रत्येक छात्रावास में सोलर पैनल, ई लाइब्रेरी की सुविधा के साथ ही बच्चों के लिए जिम की सुविधा होगी। उन्होंने सिवनी छात्रवास में गीजर की व्यवस्था करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने पोस्ट मेट्रिक पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास सिवनी का निरीक्षण उपरांत छात्रावास की साफ-सफाई और उपलब्ध सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों और

### मलारा में श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम मलारा में श्री बलराम बघेल के निवास ग्रह ग्राम मलारा में उनके पिता जी एवं माताजी की पुण्यस्मृति पर श्रीमद् भागवत पुराण का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें कथावाचक माननीय पं. मंगलमूर्ति शास्त्री जी सुनवारा वाले के द्वारा कथावाचन किया जा रहा है जिसमें बघेल परिवार द्वारा समस्त धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की प्रार्थना की है। कथा प्रारंभ - 23अप्रैल 2025 बुधवार से 30 अप्रैल 2025 तक समय प्रतिदिन सुबह 08 बजे से परायण एवं प्रवचन दोप.03 से 06 बजे तक किया जाना है।

### सूफी कलीम रूमवी को प्रदान की गई खिलाफत

# गुरू शिष्य की परम्परा को आगे बढ़ायेंगे सूफी कलीम रूमवी



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

गुरु शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश में सामप्रदायिक सौहार्द और एकता का संदेश देने वाले सिवनी के प्रख्यात संत पीर दस्तगीर हजऱत ख़्वाजा मोहम्मद कबीरूददीन रूमवी के जानशीन खलीफा सूफी कबीरउद्दीन रूमवी जिद्दी बरेली शरीफ उत्तर प्रदेश के द्वारा सूफी मोहम्मद कलीम भाई रूमवी को खिलाफत अता की गई। उल्लेखनीय है कि सूफी कलीम रूमवी सिवनी जिले के प्रख्यात संत जैल बाले बाबा रह. अलैह की 25 साल से खिदमत ( सेवा) में है। जिन्होंने सिवनी के प्रख्यात संत सूफी कबीरउद्दीन रूमवी शाह रह. से दीक्षा लिया था। सूफी कलीम रूमवी की खिदमत और मोहब्बत से बुर्जुगों का इशारा हुआ जिसके बाद हुजूर मोहम्मद कबीरूददीन शाह रूमी के जानशीन ख़लीफा सूफी नसीमुद्दीन रूमवी जिद्दी बरेली शरीफ के द्वारा आपको खिलाफत प्रदान करते हुए विश्वास जताया कि आप गुरु शिष्य की परंपरा को बढ़ाएंगे। सूफी कलीम रूमवी को मिली खिलाफत के लिए सभी गुरु भक्तों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दिया।

# शिकारा-रामटेक रेलवे लाइन को लेकर गुरुदेव को लिखा पत्र



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मातृधाम में पधारे शंकराचार्य सदानंद सरस्वती द्वारका शारदा पीठ से 'सिवनी रेल विकास समिति' के पदाधिकारीयों के द्वारा शिकारा-रामटेक रेलवे लाइन को लेकर गुरुदेव को पत्र लिखा गया, गुरुदेव ने पत्र को पढ़कर समिति की बातों को ध्यान से सुना गया और गुरुदेव के द्वारा आश्वासन दिया गया है कि उनके द्वारा भारत सरकार रेल मंत्रालय से इस संबंध में बात की जाएगी। इस अवसर पर रेल समिति से अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया, कोषाध्यक्ष शदीपक पंजाबी, सोशल मीडिया प्रभारी सत्यम सूर्यवंशी,पंडित किशोर सनोडिया, संयोजक विनय सराफ, सचिव मुनिया टांक, अंचल चौरसिया, एवं ग्राम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नरवाई जलाने पर ज्यारत, मानेगांव, कोहका के किसानों को एसडीएम ने जारी किया नोटिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिलें में नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर जारी कार्यवाही के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी सिवनी सुश मेघा शर्मा ने कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कर प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर निम्नांकित कृषकों को नोटिस जारी किया गया है। ग्राम ज्यारत प.ह.नं. 10 के कृषक प्रवीणचंद पिता लालचंद मालू, सुधीरचंद पिता हरीशचंद मालू, उमेशचंद पिता हरीशचंद मालू, राजेशचंद पिता हरीशचंद मालू, अतुलमालू पिता महेशचंद्र मालू ,पवनचंद पिता लालचंद माल, मो. समी असारी पिता अ. हफीज अंसारी, हाजरा बेगम पत्नी मो० सनी अंसारी, ग्राम भैरोगंज के कृषक रमनलाल पिता शंकरलाल यादव, नंदलाल पिता मस्तराम यादव, सुमित बघेल पिता कमलेश बघेल, हरिओम पिता रामायणसिंह बघेल, नारायण पिता बाबूलाल बघेल, ग्राम मानेगांव के कृषक अशोक पिता रामदयाल कुर्मी, दिलीप पिता रामदयाल, मनीष ठाकुर पिता मूलचंद ठाकुर, वंदना पति अजय, मंजू चौकसे पति शिवशंकर, सुरेश पिता रामनाथ, केशव पिता विष्णूकुमार, अनीता नेमा पति विजय कुमार, सालकराम पिता रामनाथ, अभिलेश पिता सत्यनाराण, उषा डहेरिया पति महेश डहेरिया, ममता राय पति होतीलाल, कुलदीप राय पिता जवाहरलाल राय, नितिन कुमार पिता संतराम डहेरिया, राजेश, रवि, मालती, पिता राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला, ग्राम कोहका के कृषक रक्षित विश्वकर्मा पिता राजेश, मुकेश सनोडिया पिता ख्यालसिंह, पंकज सनोडिया पिता तामसिंह, सुरेन्द्र सनोडिया पिता मंगलसिंह, शोभा सिसोदिया पति रामायणसिंह को नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब चाहा हैं कि क्यों न अर्थदण्ड आरोपित किया जाये। उल्लेखनीय हैं कि 2 एकड़ से कम पर 2500 प्रति घटना, दो से पांच एकड़ एक 5000 प्रति घटना पर तथा 5 एकड़ से अधिक पर 15000 नरवाई जलाने की प्रति घटना पर अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है।

# मातृधाम में मां गिरिजा देवी के दिव्य विग्रह के अनावरण संपन्न धर्ममय हुआ वातावरण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ऐतिहासिक अवसर जब दो पीठ के शंकराचार्यों एक साथ सिवनी की पावनधरा मातृधाम आगमन हुआ। मातृधाम जहां भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनन्तश विभूषित ज्योतिष एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज की पूज्यनीय माता शगिरिजा देवी का जन्म स्थान है। इसी स्थान पर नवनिर्मित मंदिर में मां गिरिजा देवी अपने पिता पं. चेतराम तिवारी एवं माता कुंती देवी की गोद में विराजमान हुयी। दिव्य विग्रह अत्यंत मनोहारी से सभी अत्यंत मंत्र



मुक्त हुय। 23 अप्रैल को प्रातः 11 बज दवारका -शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श सदानंद सरस्वती जी महाराज, परमपूज्य ज्योतिष्पाठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज, पंचाग्निपीठ के आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि श रामकृष्णानंद जी महाराज एवं पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य की जी के निज सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जी महाराज की गरिमामय उपस्थिति में मां गिरिजा देवी के दिव्य विग्रह का अनावरण हुआ इस अनावरण कार्यक्रम के अवसर पर मातृधाम में त्रिदिवसीय भव्य आयोजन हुआ। दिनांक 21 से 23 अप्रैल को सत्संग एवं भजन संध्या, 22 अप्रैल को विशाल धर्म सभा का आयोजन हुआ। 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे शगिरिजा देवी का दिव्य विग्रह का लोकार्पण एवं विशाल भंडारा का आयोजन हुआ।

# भारतीय जनता पार्टी ने आतंकवाद पाकिस्तान का पुतला फूंका

**केवलारी।** 22 अप्रेल को जम्मू कश्मीर के पहलगांव मे कट्टरपंथि आतंकवादी ने धर्म पुछकर 28सेलानियो को गोली मारकर हत्या कर दी थी।घटित घटना के 3 दिन हो गये अभी तक सरकार ने कोई बदला नहीं लिया, बेगुनाहों की मौत पर समुचे राष्ट्र मे जन आक्रोश है,नगर मे भारतीय जनता पार्टी एवं समाजसेवीयों के तत्वाधान में प्रतिकात्मक पुतला का दहन किया । कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्वक आतंकवादीयो के द्वारा निहत्थे,निर्दोष लोगों से धर्म पूछ पूछ कर गोलियों से छलनी कर दिया गया। इस घटनाक्रम से पूरे देश में भारी दुख और आक्रोश का



वातावरण बन गया है। पूरे देश से एक ही आवाज आ रही है कि अब बहुत हो गया आतंकवाद, इसे जड़ से खत्म करने के लिए भारत के प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी से लोगों ने अपील की है कि पाकिस्तान द्वारा पाले गए आतंकवादियों और आतंक की फैक्ट्री के अंत के लिए लिए शीघ्र ही कठोर कदम उठाते हुए पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए कि दोबारा से ऐसी आतंकवादी घटना घटित करने के पहले सौ बार सोचने के लिए मजबूर हो जाये। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल सांसद प्रतिनिधि सुधीर पांडे पूर्व जनपद सदस्य पवन यादव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष शिव चौधरी पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन अवधिया, विनोद सिसोदिया सुजान सिंह बघेल, समाजसेवी संजय पांडे अरुण चौरसिया राजू मेहरा,पुरुषोत्तम बघेल,सतीश राय नितिन बघेल विपिन ठाकुर गुदुम जंघेला,राघव जंघेला सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समाजसेवी उपस्थित थे।

### सुगम जलापूर्ति के लिए युद्ध स्तर पर कार्यवाही जारी

# मशीनों एवं मानव श्रम का उपयोग कर तेजी से किया जा रहा अप्रोच बनाने का कार्य





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी नगरीय क्षेत्र में सुगम जलापूर्ति की व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन की युद्ध स्तर पर कार्यवाही जारी है। तात्कालीन समस्या के निदान के लिए समूह नलजल योजना से नगरपालिका क्षेत्र की जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त छिंदवाड़ा जिले के पेंच व्यपवर्तन परियोजना से पानी लाकर भीमगढ़ डेम के जलस्तर को बढ़ाकर सतत रूप से ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। आगामी एक-दो दिवस में पेंच का परियोजना का पानी भीमगढ़ डेम तक पहुंच जायेगा। इसी परिपेक्ष्य नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अपने सुआखेडा स्थित इंटेकवेल से अधिक गहराई तक पानी उठाने के लिए अप्रोच केनाल बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्य में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बांध में गीली मिट्टी की अधिकता होने से मशीनों के साथ-साथ बडी संख्या में मानव श्रम से अप्रोच बनाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

# प्रकरणों निराकरण प्रिसिटिंग का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चंद्र राय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन नेशनल लोक अदालत दिनांक 10.05.2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 24.04.2025 को जिला न्यायालय सिवनी के वीडियो कॉफ्रेंसिंग हाल में समय दोपहर 02 बजे से जिला न्यायालय सिवनी के न्यायाधीशगण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में लक्ष्मण कुमार वर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा आगामी 10.05.2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित धारा 138 एन.आई.ए. एक्ट के प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किये जाने हेतु उपस्थित न्यायाधीशगणों से चर्चा की



गई। बैठक में नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले 138 एन.आई.ए. एक्ट के प्रकरणों की समीक्षा की गई साथ ही नेशनल लोक अदालत हेतु रैफर किये जाने वाले प्रकरणों को ठीक ढंग से चिन्हित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रसारित किये जिससे कि नेशनल लोक अदालत हेतु रैफर्ड प्रकरणों की संख्या एवं सफल निराकृत प्रकरणों की संख्या में अंतर अत्याधिक न हो। आयोजित प्रिसिटिंग में विक्रम सिंह डावर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, श्रीमती राखी देवरिया न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती अर्चना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती पायल परमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, मती गीता उईके न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, सुगार्गी शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी व सिद्धार्थ शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बम्हनगाँव में प्याऊ का हुआ शुभारंभ



**बालाघाट** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन के जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान में जिले वासियों द्वारा अपना योगदान सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को नवांकुर संस्था राज भूषण सोशल सोसाइटी भूआ द्वारा अपने सेक्टर क्रमांक 01 के प्रश्नफुटन ग्राम बम्हनगाव में निशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जिससे कि राहगीरों को शुद्ध व शीतल जल पीने को मिल सकेगा। प्याऊ का शुभारम्भ जिला समन्वयक सुशील बर्मन के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश, नवांकुर प्रभारी दिनेश चोरनेले, भागचंद मंडललवार जी, जगदीश पांचे, अनिल बोपचे, जितेन्द्र मातरे राजकुमार तांडेकर, प्रस्फुटन समिति सदस्य डॉ. राहुल बाहे महेश ठाकरे पप्पू चौरागढे, सरपंच बालचंद पांचे व ग्रामीणजन तथा छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

### समितियों के निर्वाचन के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

बालाघाट। मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा ने जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए व सदस्यता सूची को अंतिम रूप देने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमे उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति परसवाड़ा के लिए वनपाल श्री मुकेश कुमार घोरमारे, समनापुर के श्री नरेन्द्र कुमार बंसोड़, प्राथमिक आदिवासी मछुआ सहकारी समिति एकोड़ी के लिए सहकारी निरीक्षक श्रीमती ग्यारसी तिलगाम एवं प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति चरेगांव सुखलाल चौरीवार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है। इन समितियों में निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार सहकारी समिति बालाघाट सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तिथि 5 मई, प्रकाशित सदस्यता सूची पर आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 13 मई, सदस्यता सूची पर प्राप्त आपत्तियों की निराकरण व अंतिम सदस्यता सूची के प्रकाशन की तिथि 14 मई, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने की तिथि 16, 19 एवं 20 मई, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध अपील प्राप्त होने की स्थिति में अपील के निराकरण की तिथि 27 मई और राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तारीख 30 मई निर्धारित की गई है।

## जल संकट की स्थिति में जल के अपव्यय को रोकना अनिवार्य

# नगर पालिका ने नगर के वॉशिंग केंद्रों पर की ताबड़तोड़ कार्यवाही

### 10 से ज्यादा कनेक्शन काटे, 2 से वसूला जुर्माना

बालाघाट

जिले में इन दिनों जल संकट की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है। वहीं इन दिनों वैनगंगा नदी के जलस्तर में भी लगातार गिरावट हो रही है। साथ ही ग्रीष्मकाल के दो महीने अभी शेष है। ऐसे में शहरवासियों को जल की बचत करने के लिये जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा वॉशिंग केंद्रों को भी सूचित कर जल की बर्बादी रोकने की हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद नगर के वॉशिंग केंद्रों द्वारा जल की बर्बादी करते पाया गया। सीएमओ श्री बीडी कतरोलिया के निर्देशो पर नगरपालिका बालाघाट की जलप्रदाय एवं राजस्व शाखा की टीम ने नगर में कार्यवाही करते हुए लगभग 10 से अधिक वॉशिंग सेंटरों के कनेक्शन को विच्छेद किये गए। जबकि 2 वॉशिंग सेंटर संचालकों से जुर्माना भी वसूला गया है।





### इन पर हुई कार्यवाही

सीएमओ श्री कतरोलिया के निर्देशों के परिपालन में शहर के मैकेनिक नगर में संचालित होने वाले वॉशिंग सेंटर, काली पुतली चौक हनुमान मंदिर के पास गली में संचालित होने वाले वॉशिंग सेंटरों के अतिरिक्त फुले भवन के पास कार्यवाही करते हुए नल कनेक्शन विच्छेद किया गया है। इस पूरी कार्यवाही में लगभग 10 से अधिक वॉशिंग सेंटर शामिल है। जबकि राजस्व विभाग की टीम ने पानी का अपव्यय किये जाने पर भटेरा मार्ग के अमित सर्विसिंग सेंटर, चर्च रोड के न्यू जनता ऑटो केयर पर चालानी कार्यवाही करते हुए 800-800 रूपये का जुर्माना वसूला है।

### वॉशिंग केंद्रों को यह रखनी होगी सावधानी

सीएमओ बीडी कतरोलिया ने सख्त निर्देश दिये है कि शहर में कहीं भी जल की बर्बादी नहीं होनी चाहिये। विशेषकर टिल्लू पंप से पानी खिंचने वालों, आरओ वॉटर संचालन, वॉशिंग सेंटरों, खुले नलों से बहते पानी को रोकने, टंकियों में ओवरफ्लो पर निगरानी बरतने जैसे कार्यों पर गंभीरता से अमल करने को कहा गया है। सीएमओ ने बताया कि निरंतर यह कार्यवाही जारी रहेगी और जहां भी जल की बर्बादी के संबंध में शिकायत आएगी तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## 1200 किलो महुआ लाहन के साथ 67 लीटर हाथ भट्टी शराब की जब्त








बालाघाट

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन मे मदिरा का अवैध विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रहीं है। शुक्रवार को आबकारी वृत वारासिवनी एवं वृत कटंगी के द्वारा ग्राम सेल्वा, साल्हे और चिखला मे कार्यवाही की गई। जिसमें प्लास्टिक की पन्नियों एवं डिब्बो में भरा हुआ लगभग 1200 किलोग्राम महुआ लाहन के साथ 67 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 1,30,000 रूपये बताया गया है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी संदीप श्रीवास, रमाकांत बघेल, मुख्य आरक्षक द्वारसिंह उइके, आरक्षक अतरलाल उइके, नरसिंह टेकाम, लखन चौधरी, भानुप्रताप, मेघना राय एवं अनिता कुमरे उपस्थित रहे।

## टूरिज्म की ओर बढ़ते बालाघाट के कदम

# हिल स्टेशन की तरह विकसित होंगे बालाघाट के 4 स्थल





**कलेक्टर के निर्देशन में तैयार किये गए प्रस्ताव को मप्र टूरिज्म विभाग ने दी हरी झंडी**

**गांगुलपारा, लगमा, आरामटोला को हिल स्टेशन की भांति विकसित किया जाएगा, बैगा हाट को पुनः विकसित करने की नई योजना**

बालाघाट

वन्य जीवों, ताजी हवा और आकर्षित करती बालाघाट की हरियाली भरी भूमि के 4 स्थलों पर हिल स्टेशन की तरह विकसित करने के प्रयास प्रारम्भ हुए है। इसके लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने अपने निर्देशन में स्थलों का चयन कर प्रस्ताव तैयार कराए। उनके द्वारा तैयार कराए गए प्रस्तावों में बैगा हाट बाजार को पुनः विकसित करने की मप्र टूरिज्म विभाग से अनुमति मिल चुकी है। तैयार किये प्रस्ताव के अनुसार शहर के करीब प्राकृतिक सौन्दर्यता बिखेरने वाले गांगुलपारा, राष्ट्रीय टायगर रिजर्व से सटे गांव लगमा और आरामटोला को चुना गया है। इन स्थलों को विकसित करने के प्रस्ताव भेजें गए है। साथ ही लगमा में ही स्थापित बैगा हाट बाजार को पुनः नए कलेवर के साथ विकसित करने की रूपरेखा तैयार की गई है।

### हवा में साइकिलिंग,जंगल के रास्तों पर ट्रेकिंग, हवा में उड़ने जैसे एडवेंचर वाले खेलों से युक्त होंगे स्थल

जिला पुरातत्व पर्यटन व संस्कृति परिषद द्वारा बालाघाट के चुनिंदा स्थलों को हिल स्टेशन का रूप देने के प्रयासों में गांगुलपारा, लगमा व आरामटोला जलाशय, झरने व प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से निहारने सहित प्रकृति को करीब से महसूस करने के लिए कुछ एडवेंचर व मनोरंजक खेलों को अपनाया जाएगा। प्रस्ताव में गांगुलपारा में ज़िप लाइन, फॉक्स लाइन,एटीवी बाइक राइड, पेंट वॉल, रॉकेट इजेक्टर, स्काय साइकिलिंग, गो-कार्टिंग और हाइकिंग जैसे रोमांचक व मनोरंजक खेलों को शामिल किया गया है। यानी कोई व्यक्ति गांगुलपारा पहाड़ी से झरने व जंगल की खाइयों को पार करने का अनुभव करना चाहता है तो ज़िप लाइन से लटकते हुए कर सकेंगे। इसी तरह तारों पर पहाड़ी वाले स्थलों पर साइकिलिंग का भी अनोखा अहसास पर पाएंगे। साथ ही जंगल के ऊबड़खाबड़, रेतीले व पगडंडियों वाली सड़को पर बाइक राइड का आनंद ले सकेंगे। वहीं लगमा इन सब के साथ सायकिल ट्रेल जो जंगल के रास्तों से साइकिलिंग का सुखद अनुभव होगा।

### आरामटोला में जलाशय के करीब रहने वाले पक्षियों को निहारने का अवसर होगा

कान्हा टाइगर रिजर्व के पास ही आरामटोला में बर्ड वॉचिंग गतिविधि भी प्रारम्भ होगी। इसके साथ ही वॉच टॉवर व सायकिल ट्रेल प्रारम्भ की जाएगी। यहां जलाशय के इर्द गिर्द प्राकृतिक आवास में रहने वाले वन्य जीवों को देखने की व्यवस्थाएं की जाएगी। इसके अलावा बैगा हाट बाजार को पुनः व्यवस्थित करते हुए आकर्षक बाउंड्रीवाल व वेटिंग रूम बनाये जाएंगे। साथ ही ओपन थियेटर व अन्य कार्यो की मरम्मत भी की जाएगी।

### डीएटीसीसी और उपसमिति करेगी संचालन

कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशन में बनी योजना के तहत पूर्व के अनुभवों को देखते हुए। इन सब के व्यवस्थित रूप से संचालन के लिए जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद के अलावा एक उपसमिति को कार्य सौंपा जाएगा। लगमा में पूर्व में बनी वन समिति भी संचालन के कार्य करेंगी।

# सीएम राइज़ विद्यालय मलाजखण्ड में समर कैम्प का हुआ आयोजन







### योग कला, वित्तीय साक्षरता, आर्टिफ़िशियल इन्टेलिजेन्स और टेक्नोलॉजी जैसी गतिविधियों से विद्यार्थियों के कौशल विकास में मिल रहीं मदद

बालाघाट

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित सीएम राइज़ विद्यालय मलांजखण्ड में 20 अप्रैल को समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। सीएम राइज मलाजखंड प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन समर कैम्प किया जा रहा है। जिसमें ध्यान और योग कला, अभिव्यक्ति, थियेटर एक्सप्रेशन, फोटोग्राफी, प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग, पारंपरिक नृत्य, क्षेत्रीय संगीत, हस्तकला एवं लोककलाये, पारंपरिक खेलों की खोज, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल टूल्स का उपयोग, व्यावसायिक मॉडल डिजाइन थिंक्किंग, आर्टिफ़िशियल इन्टेलिजेन्स और टेक्नोलाजी का आयोजन शामिल है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिवस समय सारणी अनुसार प्रातः 7:30 से दोपहर 12 बजे तक कैम्प आयोजित किया जा रहा है। जिसमें थीम अनुसार विषय स्त्रोत विशेषज्ञों का चयन, स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन एवं पालकों की सहमति लेकर समर कैम्प क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस ग्रीष्मकालीन समर कैम्प में अंदर की आवाज, बाहर की कहानियाँ, संस्कृति के रंग, हमारी विरासत हमारी पहचान, कला कौशल और कारोबार, भावनाओं की समझ, आत्मविश्वास की राह, फिट फॉर लाईफः प्ले, परफार्म, प्रोस्पर, सक्रिय नागरिकताः हमारे समुदाय हमारी जिम्मेदारी, आज के सपने, कल की उड़ान जैसी गतिविधियॉ वास्तव में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में मदद कर रही है। विद्यार्थियों में समझ,सृजन और समाज से जुडाव पर समर कैम्प में विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। इस कार्य के सफल आयोजन में समस्त शिक्षकों का सकारात्मक सहयोग और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## जन अभियान परिषद लालबर्रा द्वारा डॉ.आंबेडकर जयंती पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

### "महापुरुष किसी एक समाज के नहीं वे सबके है"- डुलेन्द्र ठाकरे (जिपं सदस्य)

बालाघाट



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड लालबर्रा के द्वारा भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत लालबर्रा के सभा हाल में व्याख्यान माला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं सदस्य श्री डुलेन्द्र ठाकरे (मुन्ना भैया) उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट के जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन, विशेष अतिथि एवं वक्ताओं में श्री आनंद चौहान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी, प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप भीमटे शासकीय स्नातक महाविद्यालय लालबर्रा, प्रोफेसर डॉक्टर देवराज चौरे शासकीय स्नातक महाविद्यालय लालबर्रा और मुख्य वक्ता डॉक्टर डालीचंद भगत सामाजिक कार्यकर्ता ग्राम लेंडेझरी, लालबर्रा ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सीता उईके, श्री मुकेश ज्ञानेश्वर नवांकुर संस्था तनिष्क एजुकेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी मौजूद रहे। इस दौरान जिपं सदस्य श्री ठाकरे ने कहां कि-हमारे महापुरुष किसी जाति संप्रदाय के नहीं होते अपितु उन्होंने देश के लिए और पूरे समाज के लिए जो योगदान दिया होता है और उन्ही योगदानकर्ताओं में हमारे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का भी योगदान है। जिन्होंने हमारे देश का और विश्व का सबसे बड़ा संविधान बनाकर दिया और समाज को समता बंधुत्व और न्याय एवं कर्तव्य का अधिकार दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. डाली चंद भगत ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि.भीमराव आंबेडकर ने देश का संविधान ही नहीं बनाया बल्कि देश की आजादी के लिए उन्होंने संघर्ष भी किया और स्वतंत्र भारत में समस्त भारतवासियों को सुलभ और सही न्याय मिले। मानव के अलावा सभी जीवो को जीने का अधिकार मिले। मंचासीन विशेष अतिथियों और वक्ताओं ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के जीवनी पर और उनके किए गए कार्यों पर बारी-बारी से जानकारी दी। जिसमें श्री आनंद चौहान, प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप भीमटे, प्रोफेसर डॉक्टर देवराज चौरे ने जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री सुशील बर्मन ने कहा कि जन अभियान परिषद अपने कार्यक्रमों के दौरान देश के महापर्व, तीज त्यौहार और महापुरुषों की जयंतियां और पुण्यतिथियां भी मानता आया हुआ है। ताकि हमारे सामाजिक कार्य में अध्यनरत सामाजिक कार्यकर्ताओं को अच्छी सीख मिले और महापुरुषों के योगदानों को ध्यान में रखते हुए समाज के कार्य को आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन चैनलाल चौधरी ने किया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्था चेतना जनकल्याण समिति के डायरेक्टर श्री चंद्रकुमार बसेने, नवांकुर संस्था खीर्री के डायरेक्टर श्री हेमराज अंगूरेजी, एक नई किरण के कार्यक्रम संयोजक संतोष शांडिल्य, तनिष्क एजुकेशन सोसाइटी के डायरेक्टर मुकेश ज्ञानेश्वर, स्वर्गीय गन्नाबाई शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर श्री थानेंद्र ठाकरे, परामर्शदाता श्री दामेंद्र प्रसाद हरिनखेडे, प्रेमबती उईके, निकिता गोयल ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के समस्त छात्र-छात्राएं और जन अभियान परिषद के वॉलिंटियर्स भी उपस्थित रहे।